आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 30.09.2025 समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हरिद्वार में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार रिसेंट एडवांसमेंट इन पंचकर्मा 2025 का उद्घाटन किया। कहा– विश्व की अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान आयुर्वेद और पंचकर्म में निहित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों के संबंध में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- **और,** स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत ऊधमसिंह नगर जिले के 207 चिकित्सा केंद्रों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन। लगभग 2 लाख लोग हुए लाभान्वित।

पंचकर्मा 2025

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हरिद्वार स्थित उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार रिसेंट एडवांसमेंट इन पंचकर्मा 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज जब पूरी दुनिया जीवनशैली–जनित रोगों, तनाव और पर्यावरणीय चुनौतियों से जूझ रही है, तब पंचकर्म पर आधारित यह सम्मेलन अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि विश्व की अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान आयुर्वेद और पंचकर्म में निहित है।

कुलपति प्रोफेसर अरुण कुमार त्रिपाठी ने कहा कि पंचकर्म आयुर्वेद का मूल अंग है, और उत्तराखण्ड में पंचकर्म तथा वेलनेस सेक्टर में असीम संभावनाएँ हैं। कार्यक्रम के दौरान अनुसंधान संकलन सोविनियर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने पंचकर्म विभाग के अध्यक्ष प्रो. के. के. शर्मा को उनकी 37 वर्षों की उत्कृष्ट सेवाओं और उपलब्धियों के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित भी किया।

नंदा देवी राजजात यात्रा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक कर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पिछली यात्रा के अनुभवों के आधार पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और यात्रा मार्गों पर श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन व शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

श्री धामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नंदा देवी राजजात से संबंधित लोक गीत और लोक कथाओं पर आधारित चित्रों को यात्रा मार्ग पर जगह–जगह पेंटिंग के माध्यम से उकेरा जाए, जिससे लोगों को यात्रा के महत्व के बारे में पता चल सके।

राज्यपाल

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने हरिद्वार भ्रमण के दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं, कानून–व्यवस्था और जनहित कार्यों की जानकारी ली। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरिद्वार के लिए एक दीर्घकालिक विकास योजना बनाई जाए, जिससे आने वाले वर्षों में धार्मिक पर्यटन, आधारभूत संरचना और आमजन की सुविधाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। राज्यपाल ने आगामी कुंभ मेले की तैयारियों की भी जानकारी ली और इसके लिए पहले से ही ठोस और समन्वित कार्ययोजना बनाने पर बल दिया। राज्यपाल ने कांवड़ यात्रा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी और कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खेल और खिलाड़ियों के उत्थान के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है। अल्मोड़ा के सोमेश्वर में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए श्रीमती आर्या ने खिलाड़ियों के करियर को संवारने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते हुए उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन में प्रगति की प्रेरणा भी देते हैं। कैबिनेट मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि खेल का मैदान जीवन की सच्ची पाठशाला है। अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ मैदान में उतरने वाले युवा न केवल पदक जीतते हैं, बल्कि हज़ारों–लाखों लोगों के लिए आदर्श भी बनते हैं।

स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा

स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' थीम पर ऊधमसिंह नगर जिले के 207 चिकित्सा केंद्रों पर 15 मेगा कैंप और लगभग 1800 छोटे–बड़े कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, अबतक 1 लाख 88 हजार से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया है। इसी क्रम में उपजिला चिकित्सालय काशीपुर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 4 हजार लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं और दवाओं का लाभ उठाया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वास्थ्य शिविरों में विशेषज्ञ उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, त्वचा, नेत्र आदि रोगों की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कर रहे हैं।

मेयर दीपक बाली ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की नींव हैं और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

जिला स्तरीय समिति बैठक

पौड़ी जिले के मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने संबंधित अधिकारियों को नशे पर अंकुश लगाने के लिए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने पर जोर दिया है। विकास भवन कार्यालय में एनकॉर्ड की जिला स्तरीय समिति की मासिक बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिले में अफीम और भांग की अवैध खेती तथा तस्करी रोकने के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार पर पूरी तरह नियंत्रित करने को कहा।

इसके अलावा श्री गुणवंत ने मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी की स्थापना के लिए सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए।

**अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....**

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की 21 सिंतबर को आयोजित भर्ती परीक्षा प्रकरण को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। इस खबर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– पेपर लीक प्रकरण की होगी सीबीआई जांच। अमर उजाला लिखता है सीएम धामी ने कहा– मुकदमे भी वापस होंगे। धरना स्थगित

22 अक्टूबर को होंगे गंगोत्री मंदिर के कपाट बंद– राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक

ट्रंप के टैरिफ बम पर हिन्दुस्तान लिखता है– ट्रंप ने फिल्मों पर सौ फीसदी टैरिफ थोपा।